भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
औषध विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3320
दिनांक 07 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

जन औषधि केंद्रों पर औषधियों की बिक्री

3320. डॉ. राजीव भारद्वाजः

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले दो वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के अंतर्गत बेचे गए उर्वरकों/दवाओं की मात्रा कितनी है;
(ख) कांगड़ा और चंबा जिलों सहित हिमाचल प्रदेश में वर्तमान में कार्यरत जन औषधि केंद्रों की जिला-वार संख्या कितनी है; और
(ग) पीएमबीजेपी के तहत खुदरा दुकानों पर कितनी सर्जिकल सामग्रियां ब्रांडेड विकल्पों की तुलना में कम कीमतों पर बेची जाती हैं?

उत्तर
रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क): प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के अन्तर्गत, पिछले दो वित्तीय वर्षों के दौरान अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) पर ₹4274.66 करोड़ की कुल बिक्री हुई थी। इसका विवरण निम्नानुसार हैं:-

क्र.सं.	**वित्तीय वर्ष**	**बिक्री (₹ करोड़ में)**
1.	2024-25	2022.47
2.	2025-26	2252.19

(ख): दिनांक 30.06.2026 की स्थिति के अनुसार, हिमाचल प्रदेश में कुल 77 जन औषधि केंद्र (जेएके) खोले गए हैं। इनमें से 21 और 3 जेएके क्रमशः कांगड़ा और चंबा जिलों में खोले गए हैं। हिमाचल प्रदेश राज्य में खोले गए जेएके की जिला-वार संख्या **अनुलग्नक** में है।

(ग): योजना की उत्पाद बॉस्केट में 315 सर्जिकल वस्तुएं, चिकित्सा उपभोज्य सामग्रियां और चिकित्सा उपकरण शामिल हैं। उनके अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) समकक्ष प्रमुख ब्रांडेड उत्पादों की तुलना में लगभग 50% से 80% कम हैं।

अनुलग्नक

दिनांक 07.08.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3320 के भाग (ख) के उत्तर के संदर्भ में उल्लिखित अनुलग्नक

हिमाचल प्रदेश राज्य में दिनांक 30.06.2026 की स्थिति के अनुसार खोले गए जन औषधि केन्द्रों की जिला-वार संख्या

क्र.सं.	**जिले का नाम**	**जेएके की संख्या**
1.	बिलासपुर	4
2.	चंबा	3
3.	हमीरपुर	9
4.	कांगड़ा	21
5.	किन्नौर	1
6.	कुल्लू	2
7.	लाहौल और स्पीति	1
8.	मंडी	13
9.	शिमला	6
10.	सिरमौर	4
11.	सोलन	5
12.	उना	8
कुल		**77**

*****